"उर्दू विभाग के छात्रों का लाइब्रेरी भ्रमण"

दिनांक 13.11.2025



डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, उर्दू विभाग के विद्यार्थियों के अदबी फ़ोरम "आइना-ए-अदब" के ज़ेर-ए-एहतेमाम गुरुवार दिनांक 13.11.2025 छात्रों ने विभाग के शिक्षक डा. शमशीर अली के नेत्रित्व में विद्यालय की लाइब्रेरी का भ्रमण किया। इस दौरान डा. शमशीर अली ने कहाँ कि विद्यार्थी जीवन में पुस्तकालय का बहुत अधिक महत्व है। पुस्तकालय में जहाँ विभिन्न विषयों की पुस्तकें, पत्रिकाएँ, शोध कार्य, डिजिटल संसाधन आदि उपलब्ध होते हैं वहीं यहाँ कॅरियर और भविष्य निधोरण में सहायक तमाम पठन-पाठन साम्रजी सामग्रीयाँ उपलब्ध होती हैं। पुस्तकालय रोजाना जाने से जहाँ पढ़ने का शौक पैदा होता है वहीं ध्यान और एकाग्रता में भी वृद्धिध होती हैं।



इस दौरान छात्रों ने समस्त लाइब्रेरी के साथ विभिन्न विषयों के सेक्शन का भ्रमण किया साथ ही उर्दू सेक्शन की किताबों का जायज़ा भी लिया। इस भ्रमण के दौरान लाइब्रेरी के प्रबंधन समूह ने किताबों के रख-रखाव, अपने नाम जरी कराने और जमा कराने से सम्बंधित सभी नियमवाली से अवगत कराया। इस भ्रमण में विद्यार्थीयों की ख़ासी तादाद मौजूद रही।